# नीति आयोग की रिपोर्ट में बिहार सबसे पिछड़ा राज्य

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीति आयोग के द्वारा देश भर के **ज़िला अस्पतालों के कामकाज पर एक रिपोर्ट** प्रकाशित की गई है, जिसमें **बिहार की स्थिति को सबसे दयनीय बताया गया** है।

## प्रमुख बिंदु

- रिपोर्ट में स्पष्ट है कि **बिहार के ज़िला अस्पतालों में बेडों की संख्या देश भर में सबसे न्यूनतम** है, जो **प्रति 1 लाख आबादी पर केवल 6 बेड** हैं।
- ध्यातव्य है कि रिपोर्ट में **प्रति लाख आबादी पर बेडों का राष्ट्रीय औसत 22 है** तथा **बेडों की उपलब्धता के मामले में शीर्ष पर दिल्ली (59 बेड) तथा कर्नाटक (33 बेड)** हैं, वहीं **निम्न स्थान पर बिहार (6 बेड) एवं झारखंड (9 बेड)** हैं।
- बिहार के **औसतन 8 अस्पतालों में ही डायग्नोस्टिक टेस्टिंग सर्विस की सुविधा** उपलब्ध है।
- बिहार में **प्रति 1 लाख की आबादी पर क्रियाशील बेडों की संख्या के मामले में सदर अस्पताल, सहरसा शीर्ष पर** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-most-backward-state-in-niti-aayog-report